


# षोडश बिहार विधान सभा

## नवम् सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-12 वृहस्पतिवार, दिनांक-15 मार्च, 2018 ई० ।

**माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.25 बजे अपराह्न तक ।**

**[1] प्रश्नोत्तर काल :-**

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 अल्पसूचित प्रश्न संख्या-21 स्वास्थ्य विभाग में स्थानान्तरित ।

(iii) 01 अल्पसूचित प्रश्न संख्या-22 ग्रामीण विकास विभाग में स्थानान्तरित ।

(iv) 15 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(v) 02 तारांकित प्रश्न संख्या-क-211 एवं ग-741 स्थगित ।

(vi) 99 तारांकित प्रश्न अनागत ।

इस दौरान अपनी विभिन्न मांगों को लेकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी विभिन्न मांगो को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गये ।

"आसन द्वारा अनुरोध किया गया कि विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपने-अपने स्थान पर जायें एवं निर्धारित समय पर अपने विषय को उठायें ।"

तत्पश्चात् विपक्ष के सभी माननीय सदस्यगण अपने-अपने स्थान पर वापस चले गये ।

**[2] कार्य स्थगन प्रस्ताव :-**

माननीय सदस्य, श्री समीर कुमार महासेठ, श्री हरिशंकर यादव, सुश्री पूनम कुमारी उर्फ पूनम पासवान, श्री राजेन्द्र कुमार, श्री मो० नेमतुल्लाह, श्री मोहम्मद नवाज आलम एवं श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी द्वारा दिए गए कार्य स्थगन सूचना को नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य किये जाने की घोषणा की गई ।

**[3] अन्य चर्चा :-**

कार्य स्थगन की सूचना के क्रम में माननीय सदस्य, श्री समीर कुमार महासेठ द्वारा अखबार की चर्चा किये जाने पर आसन द्वारा कहा गया कि अखबार में छपेगा उसी को बोलियेगा। इसलिए मैंने कहा है कि अखबार

पढ़कर सीधे यहाँ मत बोलिए । देखिए, सदन की गरिमा अलग होती है और हमारी परम्परा, हमारी गरिमा यह है कि हम जो विमर्श करते हैं, वह अखबार का हेडलाईन बनता है । हम जो विमर्श करते हैं, वह समाचार बनता है, और आप अखबार को अपने को लीड करने का मौका देते हैं, ऐसा मत कीजिए । सदन की गरिमा रहने दीजिए ।

**[4] शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया :-

(i) श्रीमती पूनम देवी यादव
(ii) श्री समीर कुमार महासेठ
(iii) श्री हरशिंकर यादव
(iv) श्री मो० नेमतुल्लाह
(v) श्री फैसल रहमान
(vi) डा० विनोद कुमार यादव
(vii) श्री राजेन्द्र कुमार
(viii) श्री महबूब आलम
(ix) श्री सुदामा प्रसाद
(x) सुश्री पूनम कुमारी उर्फ पूनम पासवान
(xi) श्री सुबोध राय
(xii) श्री मो० नवाज आलम
(xiii) श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव
(xiv) श्री ललन पासवान
(xv) श्री विजय कुमार खेमका
(xvi) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह
(xvii) श्री बिनय बिहारी
(xviii) श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी
(xix) श्री जिवेश कुमार
(xx) श्री विद्या सागर केशरी
(xxi) श्री यदुवंश कुमार यादव
(xxii) श्री लक्ष्मेश्वर राय
(xxiii) श्री (डा०) राजेश कुमार
(xxiv) श्री तारकिशोर प्रसाद
(xxv) श्री रामदेव राय

"माननीय सदस्य श्री मो० नवाज आलम के शून्यकाल की सूचना पर आसन द्वारा सरकार को संज्ञान लेने का निदेश दिया गया ।"

**[5] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-**

(i) माननीय सदस्य, श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव एवं अन्य सभासदों का खान एवं भूतत्व विभाग से संबंधित तथा दिनांक 06 मार्च, 2018 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री, श्री विनोद कुमार सिंह द्वारा दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य, श्री विजय कुमार खेमका एवं अन्य का सभासदों का कृषि विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री विजय कुमार खेमका द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, श्री प्रेम कुमार द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अपराह्न से 05.04 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

**[6] वित्तीय कार्य :-**

**वित्तीय वर्ष 2018-2019 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड-07 (ग्रामीण विकास विभाग, संसदीय कार्य विभाग, विधान मंडल, ग्रामीण कार्य विभाग तथा श्रम संसाधन विभाग)] पर वाद-विवाद एवं मतदान :-**

माननीय प्रभारी मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य, श्री मो० नेमतुल्लाह द्वारा कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया एवं पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग एवं कटौती के प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री उमेश सिंह कुशवाहा

(इस अवसर पर माननीय अध्यासी सदस्य श्री तारकिशोर प्रसाद ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री केदार प्रसाद गुप्ता
(iii) सुश्री पूनम कुमारी उर्फ पूनम पासवान
(iv) श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव
(v) श्री निरंजन कुमार मेहता
(vi) श्रीमती गायत्री देवी
(vii) श्रीमती एज्या यादव
(viii) श्री मुजाहिद आलम
(ix) श्रीमती सावत्री देवी
(x) श्री विद्या सागर केशरी
(xi) श्री मनोहर प्रसाद सिंह
(xii) श्रीमती स्वीटी सीमा हेम्ब्रम
(xiii) श्री रामदेव राय
(xiv) श्री (डा०) सुरेन्द्र कुमार
(xv) श्री ललन पासवान
(xvi) श्री राजू तिवारी
(xvii) श्री महबूब आलम

माननीय प्रभारी मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, श्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा अपने विभाग से संबंधित कार्य योजनाओं से सदन को अवगत कराया गया ।

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

माननीय प्रभारी मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, श्री शैलेश कुमार ने अपने विभाग के संबंध में किये गये कार्यों से सदन को विस्तारपूर्वक अवगत कराया ।

तदोपरान्त् सरकार की ओर से माननीय प्रभारी मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा वाद-विवाद का विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर के दौरान राष्ट्रीय जनता दल एवं सी०पी०आई० (एम०एल) के माननीय सदस्यगण सदन से बर्हिगमन कर गये ।

तदोपरान्त् माननीय सदस्य, श्री मो० नेमतुल्लाह का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

[7] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 30 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त् सभा की बैठक शुक्रवार, दिनांक-16 मार्च, 2018 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-15.03.2018

राम श्रेष्ठ राय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।